# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## न्यूज डायरी

### कुंभ मेला तैयारियों को लेकर सीएम ने ली बैठक

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में कुम्भ मेला–2021 की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मेलाधिकारी प्रयागराज कुम्भ मेला 2019 विजय किरन आनन्द ने प्रयागराज कुम्भ मेला 2019 हेतु की गई तैयारियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में होने जा रहे कुम्भ मेले में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुम्भ क्षेत्र का विस्तार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अवस्थापना संबंधी कार्यों जैसे सडक, विद्युत, पेयजल आपूर्ति, कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता व कूड़ा निस्तारण, आवासीय व पार्किंग व्यवस्था व कुम्भ मेला क्षेत्र विस्तार योजना पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अनेक प्रोजेक्टों को स्वीकृति प्रदान की गयी

**संवाददाता।** देहरादून। सचिवालय सभागार में बुधवार को मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड उद्यम एकल खिड़की सुगमता एवं अनुज्ञापन अधिनियम–2012 के अन्तर्गत राज्य प्राधिकृत समिति की बैठक में अनेक प्रोजेक्टों को स्वीकृति प्रदान की गयी। जिनमें नरेन्द्र नगर में लगभग 194.33 करोड़ की लागत के महिन्द्रा स्पॉ एंड रिजोर्ट प्राइवेट लिमिटेड प्रोजेक्ट, सितारगंज ऊधम सिंह नगर में 25.65 करोड़ की लागत के प्रोजेक्ट, सिडकुल हरिद्वार में 12.59 करोड़ की लागत के सामानों की पैकिंग से जुड़े प्लास्टिक आर्टिकल्स प्रोजेक्ट्स, सेलाकुई में 90 लाख की लागत के हर्बल औषधीय प्रोजेक्ट शामिल हैं। बैठक में प्रमुख सचिव मनीषा पंवार, सचिव राजस्व सुशील कुमार, महानिदेशक उद्योग ऐल फेनई, उत्तराखण्ड पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव एसपी सुबुद्धि निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल, उपनिदेशक अनुपम त्रिवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### एचडीएफसी बैंक उत्तराखंड में एक लाख पेड़ लगाएगा

**संवाददाता** ऋषिकेश। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने आज उत्तराखंड में 1 लाख पेड़ लगाने की पहल की। यह गतिविधि रु परिवर्तन सभी पर्यावरण, सामाजिक और शासन पहलों के लिए बैंक के अम्ब्रेला ब्रांड का हिस्सा है। यह ऐसे कई वृक्षारोपण अभियानों में से पहला है जो एचडीएफसी बैंक जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने के अपने प्रयास के तहत निकट भविष्य में आयोजित करेगा। ऋषिकेश के ओल्ड रेलवे स्टेशन पार्क में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की गई। वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल,बेबी रानी मौर्य और संजीव कुमार, शाखा बैंकिंग प्रमुख–उत्तराखंड, द्वारा किया गया। अन्य सरकारी और बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में एचडीएफसी बैंक।



शांतिकुंज में वसंतोत्सव के दूसरे दिन निकाली भव्य जनजागरण रैली।

## जाग्रत तीर्थ का नाम है भारतः डॉ. चिन्मय पण्ड्या

**संवाददाता** हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में चल रहे तीन दिवसीय वसंतोत्सव के दूसरे दिन भव्य जनजागरण रैली निकाली गयी। रैली को व्यवस्थापक शिवप्रसाद मिश्र व डॉ. ओपी शर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली हरिपुरकलॉ, सप्तसरोवर होते हुए वापस शांतिकुंज लौटी। गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी के आध्यात्मिक जन्मदिवस के अवसर पर निकाली गयी इस रैली में शांतिकुंज के अंतेवासी भाई–बहिन, विभिन्न साधना व प्रशिक्षण सत्र में आये प्रतिभागी शामिल रहे। वहीं मुख्य सत्संग हॉल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने युग तीर्थ शांतिकुंज एवं तीर्थ की गरिमा पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत किसी राष्ट्र का नाम ही नहीं, वरन् एक जाग्रत तीर्थ का नाम भी है। भारत में जितने तीर्थ हैं, शायद दुनिया के किसी देश में नहीं है। उन्होंने कहा कि तीर्थ यात्रा का भारतीय परंपरा से गहरा संबंध है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में संपन्न हुए इस प्रतियोगिता के विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

## 72 शिक्षकों को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रदेश के 72 टीचरों को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बुधवार को शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने 10 हजार की पुरस्कार राशि और प्रशस्ति पत्र देकर टीचरों को पुरस्कृत किया। रायपुर स्थित राजीव गांधी नवोदय स्कूल तपोवन में आयोजित सम्मान समारोह में प्राथमिक, माध्यमिक, संस्कृत शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के कुल 72 टीचरों को उत्कृष्ट कार्य के लिए शैलेश मटियानी शैक्षिक पुरस्कार दिया गया। इसमें वर्ष 2015 में 27 टीचरों, वर्ष 2016 में 21 और वर्ष 2017 के लिए 24 टीचरों को पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार से सम्मानित टीचरों को दो साल का सेवा विस्तार मिलेगा। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि बेसिक शिक्षा में अभी भी कई कमियां हैं। जिनको दूर करने की चुनौती है। विभागीय अधिकारियों और टीचरों को मिल कर शिक्षा में और सुधार करना होगा। शिक्षा में कमियों के लिए सिर्फ टीचर को दोषी मानना उचित नहीं है। इसके लिए हम सब दोषी हैं। कार्यक्रम का संचालन मोहन बिष्ट ने किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि टीचरों के हित में जायज मांगों का तत्काल समाधान किया जाए।

# अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगे राज्यों के लिए विशेष योजना का किया अनुरोधः सीएम

### उद्घाटन सत्र

## फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में संवाद कार्यक्रम आयोजित

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, देहरादून में आयोजित संवाद कार्यक्रम उद्घाटन सत्र में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि हिमालयी राज्यों की भौगोलिक परिस्थितियां समान हैं, समस्याएं समान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में हिमालय कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया ताकि सभी हिमालयी राज्यों की समस्याओं एवं जानकारियों को साझा किया जा सके। कॉन्क्लेव के उपरान्त तैयार ड्राफ्ट को भारत सरकार को सौंपा गया है। जिससे हिमालयी राज्यों के लिए योजनाएं बनाते समय उनकी समस्याओं को ध्यान में रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगे राज्यों के लिए विशेष योजना का अनुरोध भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि हिमालय के जल स्रोतों में कमी आ रही है। जल संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु कोसी और रिस्पना नदियों के पुनर्जीवीकरण पर कार्य चल रहा है। हरेला पर्व के अवसर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे जनता का ध्यान इन समस्याओं की ओर बढ़ेगा। पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है।

पलायन मजबूरी में नहीं होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पलायन के मुख्य कारण हैं। उत्तराखण्ड में टेलीमेडिसिन एवं टेलीरेडियोलॉजी से दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचायी जा रही हैं। रोजगार के लिए राज्य की 670 न्याय पंचायतों को ग्रोथ सेंटर में विकसित किया जा रहा है। सौंग बाँध के निर्माण के बाद देहरादून के आस पास के क्षेत्र में ग्रेविटी बेस्ड पानी उपलब्ध होगा। इससे एक ओर ग्राउण्ड लेवल वाटर में बढ़ोत्तरी होगी साथ ही इससे ऊर्जा की भी बचत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों से बाड़ाहोती एवं नीति वैली में पर्यटन की दृष्टि से विकास हेतु सुझाव भी मांगे।

इस अवसर पर सेवा इंटरनेशनल के श्याम परांदे, आईसीएफआरआई से सुरेश गैरोला, आईआईपी से सहायक निदेशक अमर कुमार जैन, एनएसडीसी से प्रकाश शर्मा एवं आईसीआईएमओडी से ब्रिज राठोड़ उपस्थित थे।



फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन करते सीएम।

# मित्र पुलिस की अनोखी पहल

## हनुमान जी और यमराज जी के पात्रों के साथ चलाया चेकिंग अभियान

हरिद्वार। **संवाददाता**

उत्तराखण्ड पुलिस मित्र पुलिस की कहावत को चिरथार्थ करते हुए यातायात नियमो की जागरूकता के लिए एक नया प्रयोग करते हुए लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया।

भीमगोड़ा बैरियर पर स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा हनुमान जी और यमराज जी के पात्रों के साथ चेकिंग अभियान चलाकर लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को हनुमान जी के पात्र द्वारा आशीर्वाद देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को यमराज के पात्र द्वारा दुर्घटना का भय दिखाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया।

इस प्रकार धार्मिक नगरी में पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु विभिन्न रूप से प्रोत्साहित किए जाने के क्रम में धार्मिक रूप से भी प्रभावित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



हनुमान जी और यमराज जी के पात्रों के साथ चेकिंग अभियान चलते हुए।

## बसंत पर्व पर पुण्यभूमि प्रांगण में ओउम का ध्वजारोहण किया

**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रूप किशोर शास्त्री ने बसंत पर्व पर पुण्यभूमि प्रांगण में ओउम का ध्वजारोहण किया। उसके पश्चात कुलपति रूप किशोर शास्त्री और पत्नी संतोष की अध्यक्षता में काँगड़ी गाँव के समीप गंगा की तलहटी बनी व स्वतंत्रता आंदोलन की संवाहक पुण्यभूमि के परिसर में बसंत पंचमी पर्व को वैदिक यज्ञ करके हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद महाराज ने अपने त्याग और कठोर परिश्रम से इस पावनभूमि पर भव्य ईमारत का निर्माण कराया था।